SL. No. : Z

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 54 ]
Total No. of Questions : 54 ]

**CCE PF**
**CCE PR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh + Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 10. 04. 2017 ] [ Date : 10. 04. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 54 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9

1. रवींद्रनाथ ठाकुर को लोग किस नाम से पुकारते थे ?
2. करोड़पति के होश-हवास क्यों उड़ गये ?
3. प्रताप, पं० राजकिशोर के घर क्यों गया था ?
4. लेखक को स्टेशन पर माली की याद क्यों आई ?
5. मातृभूमि के खेत कैसे हैं ?
6. पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है ?
7. रवींद्रनाथ के पिता कौन थे ?
8. तुलसीदास, मुखिया को किसके समान मानते हैं ?
9. कवि शत-शत बार प्रणाम किसे करते हैं ?

II. 10. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

5 × 1 = 5

| **स्तम्भ - 'क'** | **स्तम्भ - 'ख'** |
|---|---|
| अ) गिल्लू थाली का चावल | i) लेखक |
| आ) बेलूर मंदिर की मूर्तियाँ | ii) चुटकी देकर |
| इ) ईमानदार सम्मेलन के मुख्य अतिथि | iii) सफाई से ले जाता |
| ई) ग्वाल हँसते हैं | iv) सजीव |
| उ) भक्तों के मनोरथ पूर्ण | v) नाटककार |
| | vi) डींग मारकर |
| | vii) सफाई से खाता |
| | viii) प्रभो की दया । |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

11. कारखानों की एजेन्सियों के मालिक : साहनी के पिता : : रेस्तराँ का मालिक :

12. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में :

13. तिम्मक्का : कक्केनहल्ली : : चंद्रशेखर कंबार :

14. मातृभूमि : भगवतीचरण वर्मा : : अभिनव मनुष्य :

15. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

16. नदियों पर बने जलाशयों के क्या लाभ हैं ?

17. शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य बताइए ।

18. भिखारी ने बूढ़े व्यक्ति के प्राण कैसे बचाए ?

19. गिल्लू ने महादेवी वर्मा की अस्वस्थता में उनका खयाल कैसे रखा ?

20. भीष्म साहनी को रेस्तराँ के मालिक का व्यवहार क्यों असहनीय लगा ?

21. कंबार, अपने पिताजो को आदर्श क्यों मानते थे ?

22. 'अभिनव मनुष्य' के आधार पर मनुष्य का सही परिचय कैसे स्थापित किया गया है ?

23. तुलसीदास के अनुसार मनुष्य को हंस से क्या सीखना चाहिए ?

24. यशोदा, कृष्ण को कैसे मनाती है ?

25. शनि को ठंडा ग्रह क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

झूठ बोलनेवालों की स्थिति कैसी होती है ?

26. समय के निकल जाने पर उसके पीछे दौड़नेवालों की हालत कैसी होती है ?

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने के तरीके को कैसे समझाया गया है ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



27. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाए ?

28. कृष्ण, यशोदा पर क्यों नाराज हैं ?

29. कर्नाटक के संत और भक्त कवियों ने क्या संदेश दिया है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. सोशल नेटवर्किंग से मनुष्य और समाज पर हो रहे प्रभावों का विवरण दीजिए ।

31. पं० राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।

32. मातृभूमि की प्रकृति की सुंदरता का वर्णन कीजिए ।

33. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

34. भिखारी को भगवान की लीला अजीब क्यों लगी ?

VI. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

35. तिम्मक्का के सामाजिक कार्यों का विवरण दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

जो तेरी ..................................................
..........................................................
..........................................................
........................................... दिला रही है !

**अथवा**

राम नाम .............................................. ।
.................................... चाहसी उजियार ।।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

37. निम्नलिखित में से कौन शब्द स्त्रीलिंग है ?
    (A) नौकर　　(B) बालक
    (C) लेखिका　　(D) भिखारी ।

38. 'निकट' शब्द का विलोम है
    (A) ऊपर　　(B) समीप
    (C) बगल　　(D) दूर ।

39. 'चौमासा' किस समास का उदाहरण है ?
    (A) बहुव्रीहि　　(B) द्विगु
    (C) कर्मधारय　　(D) द्वंद्व ।

40. निम्नलिखित में से दीर्घ संधि का उदाहरण है
    (A) संग्रहालय　　(B) सदैव
    (C) अत्यंत　　(D) परोपकार ।

41. आसमान ..................... तारे चमकते हैं ।
    इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा
    (A) को　　(B) से
    (C) में　　(D) के लिए ।

42. 'खतरे से बच जाना' — अर्थ देनेवाला मुहावरा है
    (A) बाल-बाल बचना　　(B) हिम्मत न हारना
    (C) होश-हवास उड़ना　　(D) बीड़ा उठाना ।

43. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है
    (A) पढ़वाना　　(B) पढ़ाई
    (C) पढ़　　(D) पढ़ाना ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



44. किताब कहाँ है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्न वाचक

(C) अर्ध विराम (D) विस्मयादि बोधक ।

45. 'खबर' — शब्द का समानार्थक रूप है

(A) क्षेत्र (B) खर्च

(C) दिशा (D) समाचार ।

46. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है

(A) चिट्ठी (B) जगह

(C) किताबें (D) कमरा ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 47. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

हास्य, नीरस-जीवन को सुखद बना देता है । हास्य का जादू सुगंध की तरह चारों ओर फैल जाता है । मनुष्य को जीवन में इतनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कि वह अपने जीवन को बहुत मुश्किल समझने लगता है । ऐसे कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए जीवन में हँसने का अवकाश हो । हँसी के सहारे मनुष्य अपने कष्टों को भूलने का प्रयत्न करता है । तनाव, व्यस्तता, संघर्ष आदि आज के जीवन की सहज देन हैं । इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम हँसना सीखें ।

क) नीरस-जीवन को सुखद कौन बनाता है ?

ख) आज के जीवन की सहज देन क्या हैं ?

ग) कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए क्या जरूरी है ?

घ) हास्य का जादू कैसे फैलता है ?

ङ) हँसी के सहारे मनुष्य किसे भूलने का प्रयत्न करता है ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

48. समय कभी रुकता नहीं है ।

49. घोडगेरी गाँव घटप्रभा नदी के तट पर है ।

50. पं० राजकिशोर कहाँ रहते हैं ?

51. रवींद्रनाथ श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

52. गिल्लू का प्रिय खाद्य काजू था ।

X. 53. दिए गए बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5

क) इटरनेट

* अर्थ / व्याख्या
* उपयोग / सुविधाएँ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

ख) बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ

* परिवार और समाज में बेटी का स्थानमान
* बेटी की शिक्षा में आनेवाली बाधाएँ
* परिहार उपाय
* उपसंहार ।

ग) जनसंख्या वृद्धि

* अर्थ / व्याख्या
* वृद्धि के कारण और परिणाम
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

XI. 54. अपने मित्र / सहेली को गर्मियों की छुट्टियों में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

दीदी के विवाह में भाग लेने के लिए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।



www.careerindia.com

www.careerindia.com